आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

मुंबई, शनिवार 13 मई, 2023 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8/9, 2080

फर्जी वेबसाइट से बुक करते हैं होटलों में कमरा एडवांस जमा कराने के बहाने ग्राहकों से ठगी

होटल उद्योग में बढ़े साइबर धोखाधड़ी के मामले

शैलेश तिवारी | मुंबई.

ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले नित नए तरीके से लोगों को फंसा लेते हैं। होटल उद्योग भी इनसे नहीं बच पाया है। शातिर दिमाग फर्जी वेब साइटों के जरिए लोगों से ठगी कर रहे हैं। फर्जी वेबसाइट बना कर साइबर अपराधी कमरे बुक करने के नाम पर एडवांस रकम लेते हैं। कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर भी इन्हें बढ़ावा देते हैं। सर्च इंजन में भी फर्जी वेबसाइटें ग्राहकों को दिख जाती हैं। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया (एचआरएडब्लूआई) ने ऑनलाइन होटल रूम बुकिंग में धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है। एसोसिएशन ने बताया कि साइबर अपराधी लोकप्रिय सर्च इंजनों पर नकली होटल वेबसाइट दिखाते हैं। होटल बुकिंग करने वाले ग्राहक असली-नकली वेबसाइट का अंतर नहीं समझ पाते। कमरे की बुकिंग कर एडवांस चुका देते हैं। इस तरह के कई मामले सामने आए हैं। एसोसिएशन ने फर्जी वेबसाइटों को बढ़ावा देने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

होटलों की प्रतिष्ठा दांव पर

एचआरएडब्लूआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि होटल और रेस्तरां की फर्जी बुकिंग वेबसाइट चिंता का विषय है। साइबर अपराधियों की करतूत से न केवल ग्राहकों को वित्तीय नुकसान होता है बल्कि होटलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। उन्होंने ग्राहकों से ऑनलाइन बुकिंग के समय सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने का अनुरोध किया।

पकड़े नहीं जाते

होटल सम्राट के मालिक परमजीत सिंह घई ने बताया कि उन्होंने साइबर क्राइम पुलिस से इस मामले में शिकायत की है। सिंह ने बताया कि कई होटलों के साथ धोखाधड़ी हुई है। ग्राहकों को होटल पहुंचने के बाद पता चली है कि उनके साथ ठगी हुई है। साइबर अपराधी गूगल साइट पर होटल की फोटो के साथ अपना नंबर डाल देते हैं और कमरा बुक करने के नाम पर पैसे ऐंठ लेते हैं।